## महत्वपूर्ण एवं खास

### जल जीवन मिशन में लेट लतीफी पर दो ठेकेदारों का अनुबंध निरस्त

**ब्लैकलिस्ट करने के लिए किया गया अनुशंसित, अमानत राशि भी की गई राजसात**

**रायगढ़।** घर-घर तक पेयजल आपूर्ति के लिए संचालित जल जीवन मिशन शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल योजना है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जल जीवन मिशन में लेटलतीफी करने वाले ठेकेदारों पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने कार्यवाही शुरू की है। रायगढ़ के धरमजयगढ़ मंडल में सिंगल विलेज का काम लेने वाले दो ठेकेदारों द्वारा अनुबंध अवधि में काम शुरू नहीं किए जाने पर उनका अनुबंध निरस्त कर अमानत राशि राजसात कर ली गई है। साथ ही इन दो ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की अनुशंसा राज्य कार्यालय से की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि जांजगीर-चांपा के मेसर्स हीरा देवी को जल जीवन मिशन के अंतर्गत विकास खण्ड धर्मजयगढ़ के ग्राम गीधकालो में सिंगल विलेज नल जल प्रदाय योजना में पाईप लाईन जोडऩे, बिछाने एवं नल कनेक्शन निर्माण का काम दिया गया था। उनका अनुबंध 27 नवंबर 2023 को समाप्त हो गया। संबंधित फर्म के द्वारा आज दिनांक तक कार्य प्रारंभ ही नहीं किया गया है। अत: अनुबंध की कंडिका के अनुसार अनुबंध निरस्त किया गया है एवं जमा अमानत राशि राजसात कर ली गई है। इसी प्रकार धर्मजयगढ़ के ग्राम रामपुर में सिंगल विलेज सोलर आधारित नल जल प्रदाय योजना में नल कनेक्शन विस्तार का काम सक्ति जिले के मेसर्स के पी राठौर को दिया गया था। उनका अनुबंध 27 जनवरी 2024 को समाप्त हो गया। किंतु उनके द्वारा आज दिनांक तक कार्य प्रारंभ ही नहीं करने पर अनुबंध निरस्त करते हुए अमानत राशि को राजसात किया गया। इसके साथ ही राज्य कार्यालय में मिशन डायरेक्टर को पत्र लिखकर दोनों ठेकदारों को ब्लैकलिस्ट करने के लिए अनुशंसित किया गया है।

### 12 दिसम्बर को राजपुर में लगेगा जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रायगढ़ जिले में ग्रामीणजनों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड लैलूंगा के ग्राम राजपुर में 13 दिसंबर को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन होना था, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए 12 दिसंबर गुरूवार को आयोजित किया जा रहा है।

### जेपी नड्डा 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में भाजपा की साय सरकार के पहले कार्यकाल का एक साल पूरा होने के उपलक्ष्य में, 13 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा राज्य का दौरा करेंगे। इस दौरान वे साय सरकार के प्रदर्शन का रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे, जिसमें सरकार की उपलब्धियों और विकास कार्यों का विस्तृत ब्यौरा दिया जाएगा। रिपोर्ट कार्ड में सभी विभागों की प्रमुख उपलब्धियों और राज्य के विकास में उनके योगदान का जिक्र होगा। भाजपा पार्टी संगठन और मंत्रियों से उनके विभागों द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है, ताकि रिपोर्ट कार्ड में राज्य सरकार की सफलता को सही तरीके से प्रस्तुत किया जा सके। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश साय ने 13 दिसंबर, 2023 को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। इस अवसर पर जेपी नड्डा का यह दौरा मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में सरकार के विकास कार्यों और उपलब्धियों को उजागर करने के लिए महत्वपूर्ण होगा।

### निलंबित आईएएस रानू साहू और माया वारियर की बढ़ी रिमांड

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के चर्चित डीएमएफ घोटाला मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू और माया वारियर की मुश्किलें बढ़ गई है। आज मंगलवार को दोनों को ईडी की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। जहां कोर्ट ने दोनों की न्यिक रिमांड 17 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। वहीं निलंबित आईएएस रानू साहू के कथित सहयोगी मनोज द्विवेदी को भी आज मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। मनोज द्विवेदी पर रानू साहू के साथ मिलकर एनजीओ के माध्यम से डीएमएफ के करोड़ों रुपए गबन का आरोप है। बता दें कि रानू साहू जून 2021 से जून 2022 तक कोरबा में कलेक्टर थीं। इसके बाद फ रवरी 2023 तक वह रायगढ़ की भी कलेक्टर रहीं। इस दौरान माया वारियर भी कोरबा में पदस्थ थीं। कलेक्टर रानू साहू से करीबी संबंध होने के कारण कोयला घोटाले को लेकर माया वारियर के दफ्तर और घर में ईडी ने छापा मारा था। डीएमएफ की बड़ी राशि आदिवासी विकास विभाग को प्रदान की गई थी, जिसमें घोटाले का आरोप है। इसका प्रमाण मिलने के बाद ईडी ने माया वारियर को भी गिरफ्तार किया गया है।

# वायरल वीडियो पर रायगढ़ पुलिस का बड़ा एक्शन : लूटपाट और मारपीट के 09 बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **बदमाश बंटी साहू और उसके साथियों पर पुलिस ने कसा शिकंजा : जूटमिल में दो और चक्रधरनगर में एक मामला दर्ज**
- **पुलिस की आगे भी जारी रहेगी बदमाशों पर कड़ी कार्रवाई**

**रायगढ़**



रायगढ़ पुलिस ने बदमाशों पर बड़ा वार करते हुए लूटपाट और मारपीट के मामलों में शामिल 09 आदतन अपराधियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस निकाला। यह कार्रवाई बदमाश बंटी साहू उर्फ रावण और उसके गैंग पर शिकंजा कसने के तहत की गई।

9 दिसंबर को सोशल मीडिया पर जूटमिल क्षेत्र के बंटी साहू का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह एक व्यक्ति के साथ मारपीट करता नजर आया। इस घटना के बाद, कबीर चौक निवासी रोमेश साहू (33) ने शिकायत दर्ज कराई कि बंटी साहू और उसके साथियों ने उनके घर में घुसकर उन्हें बंधक बनाकर मारा। इस पर जूटमिल थाना में अपराध क्रमांक 497/2024 धारा 127(2), 296,309(4), 351(2) बीएनएस के तहत आईपीसी की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

चक्रधरनगर में भी बंटी साहू पर दर्ज अपराध :

चक्रधरनगर में आईटीआई कॉलोनी निवासी मोहन बोहिदार से 12 नवंबर को गन्ना पूजा के दिन बंटी साहू और उसके साथी राजा सारथी, संदीप सारथी ने रु.2300 लूट लिए। इस घटना की रिपोर्ट पीड़ित की मां कंचनबाई ने कल दर्ज कराई। चक्रधरनगर थाना में अपराध क्रमांक 561/2024 धारा 296, 351(2), 115(2),127(2),140(3),309(6),309(4),3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया।

जूटमिल में एक अन्य अपराध दर्ज :

जूटमिल क्षेत्र में गणेश विसर्जन के दौरान सागर साहू (24) के साथ लूटपाट और मारपीट की एक और घटना सामने आई। इस मामले में भी बंटी और उसके साथियों के खिलाफ 498/2024 धारा 127(2), 296,309(4), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज हुआ।

पुलिस की कार्रवाई :

घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की। निरीक्षक प्रशांत राव और मोहन भारद्वाज के साथ साइबर सेल और दोनों थानों की संयुक्त टीम ने दबिश देकर 09 अपराधियों को हिरासत में लिया। आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें रिमांड पर जेल भेजा गया। बंटी साहू और उसके दो साथी अब भी फरार हैं। पुलिस ने उनकी तलाश तेज कर दी है।

गिरफ्तार बदमाशों की सूची :

जूटमिल मामलों में :

(1) आशीष यादव पिता स्वर्गीय फूल सिंह यादव उम्र 36 साल,

(2) अभिकांत राज यादव पिता रामलाल यादव उम्र 23 साल,

(3) मनोष सिदार पिता रामकुमार सिदार 27 साल,

(4) रमन यादव पिता चमार सिंह यादव उम्र 30 साल,

(5) श्याम यादव पिता स्वर्गीय चमार सिंह यादव 36 साल

सभी निवासी मालीडीपा थाना चक्रधरनगर

(6) बबलू साहू पिता हन नारायण साहू उम्र 22 साल,

(7) राजू साहू पिता स्वर्गीय यादव लाल साहू उम्र 28 साल

दोनों निवासी कबीर चौक नवापारा थाना जूटमिल

चक्रधरनगर मामले में :

(1) राजा सारथी पिता भगवान सिंह सारथी उम्र 25 साल,

(2) संदीप कुमार सारथी पिता जयलाल सारथी उम्र 34 साल

दोनों निवासी अम्बेडकर चौंक चक्रधरनगर थाना चक्रधरनगर

इस जुलूस के जरिए अपराधियों को सख्त संदेश दिया है कि शहर में बदमाशों की कोई जगह नहीं है, और हर अपराधी को उसके कृत्यों की सजा दी जाएगी।

## मवेशी तस्करों पर चक्रधरनगर पुलिस की कार्यवाई : नौ मवेशियों को मुक्त कर तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

- **पुलिस ने आरोपियों पर पशुक्रूरता के तहत कार्रवाई कर भेजा रिमांड पर**

**रायगढ़**



रायगढ़ के चक्रधरनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने पशु तस्करों पर कार्रवाई करते हुए मवेशियों की तस्करी कर रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 9 मवेशियों को मुक्त कराया। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में मवेशी तस्करों के खिलाफ सख्त संदेश दिया गया है।

**घटना का विवरण:**

दीपक माझी (25), निवासी पंजरी प्लांट, ने आज करीब 9 बजे जूटमिल के रास्ते जाते समय मैरीन ड्राइव के पास देखा कि तीन लोग मवेशियों को बुरी तरह पीटते और हांकते हुए ले जा रहे थे। जब दीपक ने उनसे पूछताछ की, तो उन्होंने सही जवाब नहीं दिया, जिससे उसे संदेह हुआ। दीपक ने तत्काल चक्रधरनगर पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर चक्रधरनगर थाना प्रभारी प्रशांत राव और उनकी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तीनों आरोपियों को पकड़ते हुए 9 मवेशियों को तस्करी से मुक्त कराया।

**गिरफ्तार आरोपी:** 1. रोहित प्रधान (42), पिता गोपीराम प्रधान, निवासी ससकोबा।

2. गुड्डा राम राठिया (45), पिता स्व. उदयभान राठिया, निवासी ससकोबा।

3. नैहर साय यादव (63), पिता स्व. मतवार साय यादव, निवासी ससकोबा।

चक्रधरनगर थाना में आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 560/2024 दर्ज किया गया है। उनके विरुद्ध धारा 4, 6, 10 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव के साथ कार्रवाई में प्रधान आरक्षक संजय तिवारी, चन्द्र कुमार बंजारे, चुडामणी गुप्ता, अभय यादव, मीनकेतन पटेल की अहम भूमिका रही है।

## अग्निवीर भर्ती में अभ्यर्थी दौड़ के बाद मैदान में गिरकर हुआ बेहोश

- **तत्काल मुहैय्या कराया गया समुचित उपचार, लेकिन इलाज के दौरान हुई मृत्यु**
- **डॉक्टरों और परिजनों ने बताया सिकल सेल से ग्रसित था अभ्यर्थी**
- **पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के साथ शव भेजा गया गृहग्राम, जिला प्रशासन के अधिकारी भी गए हैं साथ**
- **अंतिम संस्कार के लिए दी गई सहायता राशि, मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से प्रदान किया जाएगा 10 लाख**

**रायगढ़**

बोईरदादर स्टेडियम में जारी अग्निवीर भर्ती रैली के संबंध में, सेना के आयोजकों के माध्यम से प्राप्त प्राथमिक जानकारी अनुसार, 09 दिसंबर 2024 सोमवार को मनोज कुमार साहू, पिता अनिल कुमार साहू, उम्र 20 वर्ष, पता-ग्राम-खोरपा, ब्लॉक/ तहसील -अभनपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा, आर्मी भर्ती केन्द्र स्टेडियम रायगढ़ में प्रथम स्टेज 1600 मी. की दौड़ सफलता पूर्वक पूर्ण किया। प्रथम चरण पूर्ण करने के तत्काल पश्चात् अगले चरण में बायोमेट्रिक लगाने से पहले अचानक, मैदान में गिर गया।

अभ्यर्थी को तत्काल स्टेडियम में मौजूद जिला स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल टीम के द्वारा मौके पर ही जांच किया गया। जिसमें मौके पर मौजूद चिकित्सकों द्वारा प्रारंभिक जांच पश्चात् पाया गया कि अभ्यर्थी



को सांस लेने में काफी दिक्कत हो रही थी। अभ्यर्थी का एसपी 02 ऑक्सीजन सेचुरेशन लेवल लगातार कम हो रहा था, जिसके कारण अभ्यर्थी सचेत परंतु डिसओरीयेंटेड पाया गया। उसे तत्काल मेडिकल ऑक्सीजन प्रदाय के साथ प्राथमिक चिकित्सा प्रदाय करते हुए एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय, रायगढ़ रिफर किया गया। जहां अभ्यर्थी बेहोश अवस्था में लाया गया जिसे इन्ट्यूबेट एवं स्टेबल करते हुए हायर सेंटर मेडिकल कॉलेज, रायगढ़ भेजा गया। जहाँ रायगढ़ मेडिकल कॉलेज के विशषज्ञों की टीम के द्वारा समुचित ईलाज किया गया। परंतु अभ्यर्थी की स्थिति अति गंभीर होने के कारण दिनांक 09 दिसंबर 2024 को रात्रि 11:35 बजे मृत्यु हो गई। परिजनों के कथनानुसार एवं चिकित्सकों के जांच अनुसार यह पाया गया किए अभ्यर्थी मनोज कुमार साहू पूर्व से सिकलसेल बीमारी से ग्रसित था।

दिनांक 10 दिसंबर 2024 को प्रात:काल में परिजनों की उपस्थिति में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम किया गया, जिसके पश्चात् परिजन को शव सुपुर्द करके तहसीलदार एवं सीईओ जनपद के साथ गृह ग्राम खोरपा, तह-अभनपुर जिला रायपुर भेजा गया। जिला प्रशासन द्वारा अंतिम संस्कार हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया एवं मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से भी 10 लाख रूपयें के आर्थिक सहयोग प्रदान किया जायेगा।

## जनदर्शन में कलेक्टर गोयल ने सुनी लोगों की समस्याएं अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने सभी की समस्याओं को सुनते हुए निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। कलेक्टर गोयल ने संबंधित अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त सभी आवेदनों को जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी अपर कलेक्टर ऋशा ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

जनदर्शन में रायगढ़ के बबलू सतनामी ने आवेदन दिया कि अंतर्जातीय विवाह योजना के तहत उन्हें 1.50 लाख रूपये की राशि मिली थी। जिन्हें उन्होंने सावधि जमा खाता के तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की चक्रधर नगर शाखा में जमा करवाया था। तीन साल बाद परिपक्वता अवधि पूरी होने पर भी राशि का भुगतान आज पर्यन्त नहीं किया गया है। जिससे युगल दंपत्ति को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कलेक्टर गोयल ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को मामले में बैंक से समन्वय कर राशि का भुगतान करवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार धरमजयगढ़ के कापू तहसील के ग्राम पंचायत कमराई के ग्रामवासी पीडीएस संचालक की मनमानी की शिकायत करने पहुंचे थे। उनका कहना था कि दुकान संचालक द्वारा नियमित रूप से राशन का वितरण नहीं किया जाता है। कई बार ग्रामवासियों से विवाद की स्थिति भी बनती है। इस संबंध में खाद्य अधिकारी को सूचना देने पर जांच का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अभी तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हुई है। कलेक्टर गोयल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए खाद्य अधिकारी को वस्तुस्थिति की जांच कर तत्काल व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने खाद्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि राशन वितरण की नियमित रूप से जांच की जाए, इसमें कहीं कोई अनियमितता नहीं होनी चाहिए। ग्राम लोईग के नारायण साहू भी जनदर्शन में पहुंचे थे। उन्होंने आवेदन देकर बताया कि अपनी भूमि पर मकान निर्माण कर परिवार के साथ रह रहा हूं। मकान के जर्जर होने पर मरम्मत के लिए एक हिस्से को समतल करने पर पर गांव के एक व्यक्ति द्वारा कब्जा करने की कोशिश की जा रही है। जिसको लेकर आपसी विवाद हो रहा है। कलेक्टर गोयल ने तहसीलदार को मामले में मौका मुआयना कर उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी प्रकार जनदर्शन में जिले से पहुंचे नागरिकों ने राशन कार्ड निर्माण, आवास निर्माण, सहित अन्य समस्याओं के लिए आवेदन दिए। कलेक्टर गोयल ने प्राप्त सभी आवेदनों पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को उचित कार्यवाही करते हुए जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

## खरीदी केंद्रों से धान का उठाव शुरू

- **अब तक 47 हजार 738 मे. टन हुई धान खरीदी, किसानों को 71 करोड़ भुगतान जारी**

**रायगढ़**



रायगढ़ में धान खरीदी बीते 14 नवंबर से जारी है। अब तक जिले में 47 हजार 738 मे. टन धान खरीदी की जा चुकी है। समितियों से धान का उठाव भी मिलरों द्वारा शुरू कर दिया गया है। रायगढ़ जिले के दो समितियों के लिए डीओ कटने के लिए बाद धान का उठाव प्रारंभ कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खाद्य अधिकारी खुमेश्वर सिंह ने बताया कि अभी धरमजयगढ़ और कोड़ातराई खरीदी केन्द्र से धान का उठाव शुरू हो चुका है। उन्होंने आगे बताया कि राइस मिलर्स के द्वारा पंजीयन व अनुबंध कर डीओ कटवाया जा रहा है। जिससे आने वाले दिनों में धान उठाव में तेजी आएगी।

**किसानों को 71 करोड़ का हुआ भुगतान-** रायगढ़ जिले में अब तक किसानों को खरीदी के एवज में 71 करोड़ का भुगतान जारी किया जा चुका है। धान खरीदी के पश्चात किसानों को तत्काल भुगतान की राशि भी जारी की जा रही है। समितियों में राशि आहरण के लिए माइक्रो एटीएम की व्यवस्था भी की गई है।

## नोडल अधिकारी धान उपार्जन केन्द्रों का नियमित करें निरीक्षण- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- **जैव डीजल निगरानी समिति को कार्यवाही के दिए निर्देश**
- **अपार आईडी बनाने में लाए प्रगति, नियमित करें समीक्षा**
- **अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही के दिए निर्देश**
- **कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने ली समय-सीमा की बैठक**

**रायगढ़**



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने खाद्य विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि धान खरीदी एवं चावल जमा करने के कार्य में विशेष रूप से फोकस करें। उन्होंने नए एवं मिलर्स द्वारा प्राप्त बारदानों की स्थिति जानकारी ली साथ ही बारदानों की उपलब्धता प्रतिदिन अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नोडल, राजस्व से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान धान की स्टॉकिंग नहीं पाए जाने पर तत्काल सूचित करें। इस दौरान उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को उपार्जन केन्द्रों के नियमित निरीक्षण के निर्देश भी दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेंद्र यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, प्रभारी अपर कलेक्टर ऋशा ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने जैव डीजल निगरानी समिति के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने समिति के सदस्यों को आवश्यक समन्वय बनाते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए, ताकि नॉन कॉमर्शियल डीजल की कालाबाजारी को रोका जा सके। इस दौरान उन्होंने एंड्रॉयड ऐप में भौतिक सत्यापन नहीं करने वाले नोडल अधिकारियों की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए, जिले में बनाए जा रहे अपार आईडी पंजीयन में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कम प्रगति वाले लैलूंगा, धरमजयगढ़, घरघोड़ा के बीईओ को अपार आईडी जनरेट करने के कार्य को प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह तक अपेक्षित प्रगति होनी चाहिए। संकुल समन्वयकों को इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर गोयल ने कृषि विभाग, पशुपालन, उद्यानिकी एवं मत्स्य विभाग के केसीसी निर्माण की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मत्स्य विभाग द्वारा बनाए गए कम प्रकरण पर नाराजगी जताते हुए अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभांवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उक्त विभागों के अधिकारियों को केसीसी के लंबित प्रकरणों का बैंकवार फ्लोअप लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रगति लाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं जनसमस्या निवारण शिविर के लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए, विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने विभागों द्वारा प्रदान किए लंबे समय से अनाधिकृत रूप अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर गोयल ने रोजगार अधिकारी को जिले के कौशल विकास के कार्यक्रम को बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि अधिक से अधिक युवा लाभांवित हो सके। उन्होंने जिले के उच्च स्तरीय जलागार के निर्माण की समीक्षा करते हुए, पीएचई विभाग को निर्देशित किया कि जो ठेकेदार जलागार निर्माण में लापरवाही बरत रहे है उन पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की ली गई शपथ-** डीपीओ, महिला एवं बाल विकास विभाग एल.आर.कच्छप ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत बाल विवाह के रोकथाम के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा नारा लेखन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से नारा लेखन, कोटवार के माध्यम से मुनादी, समाज प्रमुख, एनजीओ, प्रिंटिंग प्रेस संचालको की बैठक ली जाएगी। साथ ही राम नवमी एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर बाल विवाह रोकथाम समिति की गठन, स्कूलों में जागरूकता अभियान, बाल विवाह रोकथाम हेतु पंचायत स्तरीय पंजी का संधारण, इस क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले का सम्मान तथा विभाग के माध्यम से 15 से 18 वर्ष की बालिकाओं का सर्वे जैसा कार्य किया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर गोयल एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने बाल विवाह रोकथाम हेतु शपथ ली।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480